कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक (HOFF) राजस्थान, अरण्य भवन, झालाना, जयपुर

क्रमांकः–एफ.()FMDSS / उवस / आईटी / 2016–17 / 520 दिनांकः 2/2/17

कार्यालय आदेश

राजकोम्प इन्फोसर्विस लिमिटेड (RISL) द्वारा विभाग के लिए एकीकृत एप्लीकेशन Forest Management & Decision Support System (FMDSS) तैयार की गयी है, जिसके अंतर्गत Citizen Service Module, Development Module, Production Module एवं Protection Module तैयार किये गये है। अति. प्रधान मुख्य संरक्षक, सूचना प्रौद्योगिकी जयपुर के निर्देशन में मुख्यालय सहित सभी सम्भागों एवं सभी वन मंडलो के कुल 301 से अधिक कर्मचारियो एवं अधिकारियो को गहन प्रशिक्षण दिया जा चुका है। प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले अधिकारी एवं कर्मचारी अपने कार्यालयो के लिए मास्टर ट्रेनर नामित किये जाते है।

FMDSS एप्लीकेशन का url-fmdss.forest.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है। एप्लीकेशन के मुख्य पृष्ठ पर यूजर मेनुअल उपलब्ध है। एप्लीकेशन में मुख्यालय से रेन्ज स्तर तक के अधिकारी कार्य कर सकेंगे। एप्लीकेशन का यूजर नेम संबंधित कार्यालय का मेल SSO login आई.डी. (यथा dcf.it.forest@rajasthan.gov.in) होगा। पासवर्ड आपके ई–मेल का ही पासवर्ड होगा। यह एप्लीकेशन SSO login (Single Sign On) पद्वति पर कार्य करेगी। विभाग के संबंधित कार्य इसी एप्लीकेशन (FMDSS) के माध्यम से किये जायेगे।

FMDSS को दिनांक 01.02.2017 से आरम्भ कर दिया जायेगा। अतः समस्त अतिरिक्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक, समस्त मुख्य वन संरक्षक एवं उनके अधीन उप वन संरक्षक, सहायक वन संरक्षक इसी एप्लीकेशन के माध्यम से कार्य सम्पादित करेंगे। क्षेत्रीय अधिकारी जब तक उनके कम्प्यूटर उपलब्ध होने तक संबंधित सहायक वन संरक्षक / उप वन संरक्षक कार्यालय से कार्य करेंगे। क्षेत्रीय वन अधिकारियो को शीघ्र ही कम्प्यूटर उपलब्ध कराये जा रहे है। सहायक वन संरक्षक तक कम्प्यूटर उपलब्ध कराने के आदेश जारी किये जा चुके है।

FMDSS एप्लीकेशन के Module wise administrator के आदेश संख्या क्रमांक 279–388 दिनांक 27.01.2016 से नियुक्त किये जा चुके है। FMDSS के सभी Modules पर समस्त कार्यालय नियमित कार्य करेंगे तथा एप्लीकेशन के Modules में आने वाली कठिनाईयो / सुधारो की आवश्यकता से संबंधित Module Administrator को अवगत करायेंगे। Module administrators सुझावो को main administrator/facilitator (DCF-IT) को अग्रेषित करेंगे। दिनांक 01.04.2017 से समस्त कार्यो को एप्लीकेशन के माध्यम से कराना होगा।

(एं.के. गोयल) 2/2/17
प्रधान मुख्य वन संरक्षक,(हॉफ)
राजस्थान जयपुर

क्रमांकः–एफ.()FMDSS / उवस / आईटी / 2016–17 / 521-630 दिनांकः 2/2/17

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. प्रमुख शासन सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग, योजना भवन, जयपुर।
2. प्रधान मुख्य वन संरक्षक, प्रशिक्षण / कार्य आयोजना एवं वन बन्दोबस्त, जयपुर।
3. अतिरिक्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं मुख्य वन्य जीव प्रतिपालक, राजस्थान, जयपुर।
4. अतिरिक्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक, विकास / वन्य जीव, मुख्यालय / श्रम एवं विधि / उत्पादन / FCA/भूसंरक्षण / M&E/CAMPA/वनसुरक्षा / प्रशासन / एन.टी.एफ.पी. / विभागीय कार्य / अनुसंधान / राजस्थान जैव विविधता परियोजना–II राजस्थान,
5. तकनीकी निदेशक, RISL योजना भवन, जयपुर।
6. समस्त मुख्य वन संरक्षकगण, राजस्थान, जयपुर।
7. समस्त उप वन संरक्षकगण, राजस्थान, जयपुर।
8. उप वन संरक्षक, प्लान, जयपुर / उप वन संरक्षक, वन सुरक्षा, जयपुर / उप वन संरक्षक एवं प्रावैधिक सहायक, विभागीय कार्य, जयपुर / उप वन संरक्षक, तेन्दू पत्ता, जयपुर, सहायक वन संरक्षक, इकोटूरिज्म, जयपुर।

(डॉ. सुरेश चन्द)
अति. प्रधान मुख्य वन संरक्षक, (विकास)
राजस्थान, जयपुर